झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, बोकारो

विज्ञापन संख्याः–01/2026

बोकारो जिला के गृह रक्षक के रूप में नामांकन के लिए विज्ञापन।

1. बोकारो जिला के गृह रक्षक के रूप में नामांकन के लिए रिक्तियों के विरूद्ध सुयोग्य उम्मीदवारों से ऑन–लाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते है। ग्रामीण गृह रक्षक तथा शहरी गृह रक्षक के लिए ऑन–लाईन आवेदन विहित प्रपत्र में अलग–अलग जमा करेंगे।

नोटः–गृह रक्षा वाहिनी एक स्वयंसेवी संगठन है तथा गृह रक्षक उसके स्वयंसेवी सदस्य होते है। जितने दिन आवश्यकतानुसार उन्हें कर्त्तव्य पर प्रतिनियुक्त किया जाता है उतने कार्य दिवस के लिए सरकार द्वारा निर्धारित दर पर भत्ता भुगतान देय होता है। **यह कोई वैतनिक सरकारी नौकरी या आजीविका का माध्यम नहीं है।** अतः उन्हीं उम्मीदवारों से आवेदन की अपेक्षा की जाती है, जो राष्ट्र की सेवा निःस्वार्थ करने के लिए तत्पर हों।

2. गृह रक्षक के रूप में नामांकन के लिए उपलब्ध रिक्ति निम्नवत है, जो घट/बढ़ सकती है।

(क) ग्रामीण गृह रक्षकों (पुरूष/महिला) के लिए रिक्तिः–

क्र0	प्रखण्ड का नाम	स्वीकृत बल की संख्या	प्रभावी बल की संख्या	कुल रिक्ति	रिक्ति	
					पुरूष	महिला
1	चास	110	70	40	20	20
2	चन्दनकियारी	110	87	23	12	11
3	पेटरवार	110	97	13	07	06
4	कसमार	110	109	01	01	00
5	बेरमो	110	101	09	05	04
6	जरीडीह	110	100	10	05	05
7	नावाडीह	110	106	04	02	02
8	गोमिया	110	102	08	04	04
9	चन्द्रपुरा	110	107	03	02	01
कुल योग		990	879	111	58	53

(ख) **शहरी गृह रक्षकों (पुरूष/महिला) के लिए रिक्तिः–**

क्र0	प्रखण्ड का नाम	स्वीकृत बल की संख्या	प्रभावी बल की संख्या	कुल रिक्ति	रिक्ति	
					पुरूष	महिला
	शहरी क्षेत्र	984	896	88	44	44
कुल योग		984	896	88	44	44

उपरोक्त दोनों कोटि (ग्रामीण/शहरी गृह रक्षक) के लिए नामांकन में 50 प्रतिशत पद महिलाओं के लिए कर्णांकित होंगे, जिसकी रिक्ति की विवरणी उपरोक्त में दी गई है।

महिलाओं के लिए कर्णांकित पदों में से 5 प्रतिशत पद अर्हता प्राप्त तलाकशुदा/परित्यकता/विधवा महिलाओं के लिए आरक्षित होगा। तलाकशुदा/परित्यकता/विधवा अभ्यर्थी के उपलब्ध नहीं रहने की स्थिति में उक्त 5 प्रतिशत पद पुनः महिलाओं के लिए कर्णांकित प्रतिशत में समाहित हो जायेगा।

शहरी गृह रक्षकों के लिए रिक्ति में 50 प्रतिशत पद तकनीकी दक्ष उम्मीदवारों के लिए होगा। योग्य उम्मीदवार नहीं मिलने पर गैर तकनीकी/तकनीकी दक्ष की रिक्ति एक–दूसरे से भरी जायेगी।

3. **अर्हता–**

(क) आवासीयः–

(i) **ग्रामीण गृह रक्षकः**– अभ्यर्थी को बोकारो जिला के उस प्रखण्ड का स्थायी निवासी होना चाहिए जहाँ से ग्रामीण गृह रक्षक के रुप में नामांकन के लिए आवेदन देता हैं। अपने आवेदन के साथ **राज्य सरकार के द्वारा प्राधिकृत सक्षम प्राधिकार से निर्गत ऑन–लाईन आवासीय प्रमाण पत्र** की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना सुनिश्चित करेंगे।

(ii)**शहरी गृह रक्षकः**– अभ्यर्थी को बोकारो जिला के शहरी क्षेत्र का सामान्य निवासी होना चाहिए। अपने आवेदन के साथ **राज्य सरकार के द्वारा प्राधिकृत सक्षम प्राधिकार से निर्गत ऑन–लाईन आवासीय प्रमाण पत्र** की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना सुनिश्चित करेंगे।

(ख) उम्र सीमा :– **01-01-2026 को 19 से 40 वर्ष।**
(सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत जन्म तिथि प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना सुनिश्चित करेंगे।)

(ग) शैक्षणिक योग्यता :–

(i) ग्रामीण गृह रक्षकों के लिए न्यूनतम 7वीं पास।

(ii) शहरी गृह रक्षकों के लिए न्यूनतम मैट्रीक (10वीं) पास।

(सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना सुनिश्चित करेंगे।)

(घ) शारीरिक मापदण्ड :– (ग्रामीण/शहरी गृह रक्षक दोनों के लिए समान)

(i) लम्बाई–	पुरुष	–	162 से0मी0 (सामान्य/ओ.बी.सी./बी.सी.)
			157 से0मी0 (अ.ज.जा./अ.जा.)
	महिला	–	148 से0मी0(सभी के लिए)
(ii) सीना–	पुरुष	–	79 से0मी0 (सामान्य/ओ.बी.सी./बी.सी.)
			76 से0मी0 (अ.ज.जा./अ.जा.)

(SC/ST उम्मीदवारों को शारीरिक माप में छूट के लिए सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत ऑन–लाईन जाति प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना सुनिश्चित करेंगे।)

(ड़) तकनीकी दक्षता (सिर्फ तकनीकी दक्ष शहरी गृह रक्षक अभ्यर्थियों के लिए) :– अभ्यर्थी को विभिन्न तकनीकी क्षेत्रों में दक्ष होना चाहिए तथा उससे संबंधित किसी कार्यालय में कार्यरत/स्वनियोजित तथा तकनीकी जानकार होना चाहिए। इन जानकारों को सामान्य रुप से तकनीकी योग्य माना जायेगा– चिकित्सक, अभियंता, अधिवक्ता, प्राध्यापक, नर्स, कम्प्यूटर ऑपरेटर, टंकक, लाईसेंसधारी चालक(एच. एम.भी/एल.एम.भी.), रसोईया, बढ़ई, मोची, धोबी, नाई ,बिजली मिस्त्री, माली, पलम्बर, अग्निक आदि।
(सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना सुनिश्चित करेंगे।)

4. **चयन प्रक्रिया** :– गृह विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची की अधिसूचना संख्या–5442, दिनांक–20.10.2014 के आलोक में चयन समिति द्वारा निर्धारित चयन प्रक्रिया के अन्तर्गत निम्नलिखित जाँच परीक्षा ली जायेगी।

(क) शारीरिक जाँच परीक्षा :– इसके अन्तर्गत 1 मील की दौड़, ऊँची कूद, लम्बी कूद, शॉट पूट सम्मिलित होगा, जिसमें अंक निम्नवत प्रदान किया जायेगा:–

(i) ग्रामीण गृह रक्षक तथा गैर तकनीकी शहरी गृह रक्षक अभ्यर्थियों के लिए :–

जाँच	पुरुष	महिला
दौड़ (1 मील)	5 मिनट या पहले – 20 अंक	8 मिनट या पहले – 20 अंक
	5 से अधिक 6 मिनट तक – 10 अंक	8 से अधिक 10 मिनट तक –10 अंक
	6 मिनट से अधिक समय लेने वाले अयोग्य माने जायेंगे।	10 मिनट से अधिक समय लेने वाले अयोग्य माने जायेंगे।
ऊँची कूद	(क) न्यूनतम 4 फीट – 5 अंक	(क) न्यूनतम 3 फीट – 5 अंक
	(ख) 4'– 4'3'' – 6 अंक	(ख) 3'– 3'3'' – 6 अंक
	(ग) 4'3''– 4'6'' – 7 अंक	(ग) 3'3'' – 3'6'' – 7 अंक
	(घ) 4'6''– 4'9'' – 8 अंक	(घ) 3'6'' – 3'9'' – 8 अंक
	(च) 4'9''– 5' – 9 अंक	(च) 3'9'' – 4'' – 9 अंक
	(छ) 5' से अधिक – 10 अंक	(छ) 4' से अधिक – 10 अंक
लम्बी कूद	(क) न्यूनतम 12 फीट – 5 अंक	(क) न्यूनतम 9 फीट – 5 अंक
	(ख) 12' – 13' – 6 अंक	(ख) 9' – 10' – 6 अंक
	(ग) 13' – 14' – 7 अंक	(ग) 10' – 11' – 7 अंक
	(घ) 14' – 15' – 8 अंक	(घ) 11' – 12' – 8 अंक
	(च) 15' – 16' – 9 अंक	(च) 12' – 13' – 9 अंक
	(छ) 16' से अधिक – 10 अंक	(छ) 13' से अधिक – 10 अंक
शॉट पूट	16 पौण्ड– न्यूनतम 16 फीट	10 पौण्ड– न्यूनतम 10 फीट

(ii) **तकनीकी दक्ष शहरी गृह रक्षक अभ्यर्थियों के लिए :–**

जाँच	पुरुष	महिला
दौड़ (1 मील)	6 मिनट या पहले – 20 अंक	8 मिनट या पहले – 20 अंक
	6 से अधिक 8 मिनट तक – 10 अंक	8 से अधिक 12 मिनट तक – 10 अंक
	8 मिनट से अधिक समय लेने वाले अयोग्य माने जायेंगे।	12 मिनट से अधिक समय लेने वाले अयोग्य माने जायेंगे।
ऊँची कूद	(क) न्यूनतम 3.5 फीट – 5 अंक	(क) न्यूनतम 2.5 फीट – 5 अंक
	(ख) 4' और अधिक – 10 अंक	(ख) 3' और अधिक – 10 अंक
लम्बी कूद	(क) न्यूनतम 9 फीट – 5 अंक	(क) न्यूनतम 6 फीट – 5 अंक
	(ख) 10' और अधिक – 10 अंक	(ख) 7' और अधिक – 10 अंक
शॉट पूट	16 पौण्ड – न्यूनतम 12 फीट	10 पौण्ड – न्यूनतम 8 फीट

(ख) **हिन्दी लेखन क्षमता परीक्षा :–** शारीरिक जाँच परीक्षा में सफल अभ्यर्थी को हिन्दी लेखन क्षमता की परीक्षा में शामिल होना पड़ेगा, जिसमें ग्रामीण गृह रक्षकों के लिए 7वीं कक्षा तथा शहरी गृह रक्षकों के लिए 10वीं कक्षा के स्तर अनुसार लेखन क्षमता की जाँच की जायेगी। यह क्वालिफाईंग होगा, पूर्णांक 100 एवं उत्तीर्णांक 30 होगा।

(ग) **तकनीकी दक्षता परीक्षा :–** (सिर्फ शहरी तकनीकी दक्ष गृह रक्षक अभ्यर्थियों के लिए) :– शारीरिक जाँच परीक्षा एवं हिन्दी लेखन क्षमता परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की तकनीकी दक्षता परीक्षा ली जायेगी, जो क्वालिफाईंग होगा, पूर्णांक 100 एवं उत्तीर्णांक 30 होगा।

(घ) सभी जाँच परीक्षा की समाप्ति के बाद उपर्युक्त अधिसूचना में दिये गये प्रावधान के आधार पर मेधा सूची तैयार की जायेगी जिसके आलोक में रिक्ति के विरुद्ध चयन किया जायेगा। चयनित अभ्यर्थियों का चिकित्सीय जाँच तथा पुलिस द्वारा चरित्र सत्यापन कराने के पश्चात् उसे अनुकूल पाये जाने पर चयनित अभ्यर्थियों को मुख्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, राँची के आदेशोपरांत गृह रक्षक बुनियादी प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर उन्हें गृह रक्षक के रुप नामांकन कर प्रावधान अनुसार नामांकन प्रमाण पत्र निर्गत किया जायेगा ।

5. अभ्यर्थी जो राष्ट्र/राज्यस्तरीय खेलकूद में पुरस्कृत हुए हैं उन्हें निम्नवत् अतिरिक्त अंक प्रदान किया जायेगा।
(सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत पुरस्कार प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना सुनिश्चित करेंगे।)

स्थान	राष्ट्रीय	राज्य स्तरीय
प्रथम	6 अंक	3 अंक
द्वितीय	4 अंक	2 अंक
तृतीय	2 अंक	1 अंक

6. शहरी गृह रक्षक के रुप में सरकारी सेवकों को शहरी गृह रक्षक के पूर्ण रिक्तियों के 10 प्रतिशत नामांकित करने की सीमा निर्धारण है। इसके लिए सरकारी सेवक कार्यालय प्रधान द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करेंगे। सरकारी सेवकों को शैक्षणिक योग्यता के आधार पर निम्नवत अंक दिये जायेंगे :–

स्नातकोत्तर	–	10 अंक
स्नातक	–	8 अंक
इंटरमिडिएट	–	6 अंक
मैट्रिक	–	4 अंक

7. **आवेदन कैसे जमा करें** :– ऑन–लाईन आवेदन करने से संबंधित विस्तृत जानकारी वेबसाईट–http://recruitment.Jharkhand.gov.in पर उपलब्ध होगी। आवेदक केवल जैप आई0टी0, राँची, झारखण्ड द्वारा उपलब्ध कराये गये वेबसाईट– http://recruitment.Jharkhand.gov.in पर दिनांक–27.11.2026 से दिनांक–11.12.2026 तक अपना आवेदन ONLINE (ऑन–लाईन) कर पायेंगे। आवेदन शुल्क 100रू (एक सौ रूपये) मात्र की राशि निर्धारित वेबसाइट पर ONLINE PAYMENT GATEWAY के माध्यम से भुगतान किया जाना अनिवार्य है। भुगतानोंपरांत अंतिम रूप से आवेदन स्वीकार समझा जायेगा।

8. ऑन–लाईन आवेदन में आवेदक द्वारा स्वअभिप्रमाणित (Self Attested) प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करना अनिवार्य है।

9. आवेदक अपना अवासीय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, शैक्षणिक प्रमाण पत्र, तकनीकी योग्यता से संबंधित प्रमाण पत्र (तकनीकी गृह रक्षक अभ्यर्थियों के लिए), कार्यानुभव से संबंधित प्रमाण पत्र (यदि कार्य अनुभव हो तो), खेलकूद से संबंधित प्रमाण पत्र (केवल राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतिस्पर्धा में प्रथम/द्वितीय/तृतीय स्थान पर चयनित हुए हों तो) को ऑनलाईन आवेदन के साथ अपलोड करेंगे एवं उपरोक्त प्रमाण पत्र आवेदन की अंतिम तिथि से पूर्व का निर्गत होना अनिवार्य है।

10. तलाकशुदा/परित्यक्ता/विधवा अभ्यर्थी को सक्षम प्राधिकार द्वार निर्गत प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना सुनिश्चित करेंगे।

11. एक आवेदक से एक ही आवेदन स्वीकार्य होगा। आवेदक अपने ही प्रखण्ड/शहरी क्षेत्र से आवेदन कर सकते हैं। उपरोक्त के विपरीत आवेदन करने पर चयन प्रक्रिया के किसी भी STAGE पर अभ्यर्थिता रद्द की जा सकती हैं।

12. अर्हता के अनुरूप आवेदक से ऑनलाईन आवेदन में मांगी गई सभी विवरणी को पूर्णरूपेण भरा जाना अनिवार्य है।

13. आवेदक के आवेदन भरने में किसी प्रकार की कठिनाई होने की स्थिति में जैप0आई0टी0, राँची का ईमेल आईडी– Jharkhand.recruitment@rediffmail.com पर मेल किया जा सकता है अथवा N.I.C कार्यालय, बोकारो या जिला समादेष्टा कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, बोकारो से सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।

14. आवेदक के द्वारा मतदाता पहचान पत्र/ड्राईविंग लाईसेंस/पैन कार्ड/आधार कार्ड में से किसी एक का विवरण ऑनलाईन आवेदन में देना अनिवार्य है। आधार कार्ड वांछित हैं।

15. विज्ञापन से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना एवं गृह रक्षकों का नव–नामांकन का परीक्षाफल https://bokaro.nic.in बोकारो के वेबसाईट पर या दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित की जायेगी।

16. झारखण्ड गृह रक्षक (स्वयंसेवक) नियमावली, 2014 के अनुरूप गृह रक्षकों का नामांकन 4 वर्ष के लिए किया जाता है तथा पूर्व नामांकित वैसे गृह रक्षक जिनका बॉण्ड 4 वर्ष के बाद समाप्त हो जाता है, उनका पुनर्नामांकन कंडिका–6 के अन्तर्गत किया जाता है।

17. अभ्यर्थी द्वारा नव–नामांकन से संबंधित किसी भी प्रकार की गलत सूचना दिये जाने पर उनके विरूद्ध विधि सम्मत कार्यवाही की जायेगी एवं संबंधित अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता किसी भी चरण (STAGE) में रद्द की जा सकती है, जिसके संबंध में कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।

18. गृह रक्षकों का नव–नामांकन की प्रक्रिया के निष्पादन के क्रम में किसी भी स्तर पर त्रुटि के निराकरण और संशय (यदि कोई हो तो) के समाधान हेतु झारखण्ड गृह रक्षक (स्वयंसेवक) नियमावली, 2014 के प्रावधान सर्वोपरि होंगे।

19. आवेदन की अवधि एवं विज्ञापन में किसी प्रकार का आवश्यक संशोधन किया जा सकता है।

05/11/16

जिला समादेष्टा,
सह सदस्य,
गृह रक्षक नव–नामांकन समिति,
बोकारो।

05/11/16

पुलिस अधीक्षक,
सह वरीय सदस्य,
गृह रक्षक नव–नामांकन समिति,
बोकारो।

5/11

उपायुक्त,
सह अध्यक्ष,
गृह रक्षक नव–नामांकन समिति,
बोकारो।

बोकारो जिला ग्रामीण गृह रक्षक में नामांकन हेतु आवेदन प्रपत्र का प्रारुप

विज्ञापन संख्याः–01/2026

प्रखण्डः–.....

स्व अभिप्रमाणित हाल का फोटो

1. आवेदक का नाम :–.....
2. पिता/पति का नामः–.....
3. लिंग :–पुरुष/महिला .....
4. वैवाहिक स्थिति :–विवाहित/अविवाहित.....
   (महिला जो तलाकशुदा/परित्यक्ता/विधवा हों तो उल्लेख करें)
5. जन्म तिथि :–...../...../.....
6. दिनांकः–01.01.2026 को उम्रः–वर्ष.....माह.....दिन.....
7. कोटिः–सामान्य/ओ.बी.सी./बी.सी./अ.जा./अ.ज.जा.
8. स्थायी पताः–ग्राम–.....पोस्ट–.....पंचायत–.....
   प्रखण्ड–.....थाना–.....जिला.....
   पिन कोड–.....
9. वर्तमान पताः–ग्राम–.....पोस्ट–.....पंचायत–.....
   प्रखण्ड–.....थाना–.....जिला.....
   पिन कोड–.....
10. शैक्षणिक योग्यताः–.....
    .....
11. यदि राष्ट्र/राज्य स्तरीय खेलकूद में पुरस्कृत हुए हों तो उसका विवरणः–.....
    .....
12. शारीरिक माप– उँचाई :–.....से0मी0 ।
    सीना (सिर्फ पुरुष के लिए):–.....से0मी0 ।
13. शारीरिक पहचान के दो चिन्ह (i).....
    (ii).....

अनुलग्नकः–(प्रमाण पत्रों की सूची)

1. ..... 2. ..... 3. .....
4. ..... 5. ..... 6. .....
7. ..... 8. ..... 9. .....
10. .....

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त सूचनाएँ एवं संलग्न प्रमाण पत्र मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सही है। गलत पाये जाने पर तत्क्षण ही मेरी उम्मीदवारी बिना किसी सूचना के समाप्त कर दी जायेगी।

स्थानः– .....

आवेदक का हस्ताक्षर

दिनांकः–.....

बोकारो जिला शहरी गृह रक्षक में नामांकन हेतु आवेदन प्रपत्र का प्रारुप

विज्ञापन संख्याः–01/2026

गैर तकनीकी/तकनीकी दक्ष–.....

(उल्लेख करें)

स्व
अभिप्रमाणित
हाल का फोटो

1. आवेदक का नाम :–.....

2. पिता/पति का नामः–.....

3. लिंग :–पुरुष/महिला .....

4. वैवाहिक स्थिति :–विवाहित/अविवाहित.....
(महिला जो तलाकशुदा/परित्यक्ता/विधवा हों तो उल्लेख करें)

5. जन्म तिथि :–...../...../.....

6. दिनांकः–01.01.2026 को उम्रः–**वर्ष.....माह.....दिन.....**

7. कोटिः–सामान्य/ओ.बी.सी./बी.सी./अ.जा./अ.ज.जा.

8. राष्ट्रीयताः–.....

9. स्थायी पताः–ग्राम/मुहल्ला–.....वार्ड संख्या.....
पोस्ट–.....थाना–.....प्रखण्ड.....
जिला.....पिन कोड–.....

10. वर्तमान पताः–ग्राम/मुहल्ला–.....वार्ड संख्या.....
पोस्ट–.....थाना–.....प्रखण्ड.....
जिला.....पिन कोड–.....

11. शैक्षणिक योग्यताः–.....
.....

12. तकनीकी दक्षता/ट्रेड का विवरण (यदि कोई हो):–.....

13. यदि किसी कार्यालय में कार्यरत हो अथवा स्वनियोजित हो तो कार्यस्थल के पता सहित उसका विवरण :– .....
.....

14. यदि राष्ट्र/राज्य स्तरीय खेलकूद में पुरस्कृत हुए हों तो उसका विवरणः–.....
.....

15. शारीरिक माप– उँचाई :–.....से0मी0 ।
सीना(सिर्फ पुरुष के लिए):–..... से0मी0 ।

16. शारीरिक पहचान के दो चिन्ह (i).....

(ii).....

अनुलग्नकः–(प्रमाण पत्रों की सूची)

1. ..... 2. ..... 3. .....
4. ..... 5. ..... 6. .....
7. ..... 8. ..... 9. .....
10. .....

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त सूचनाएँ एवं संलग्न प्रमाण पत्र मेरी जानकारी एवं विष्वास के अनुसार सही है। गलत पाये जाने पर तत्क्षण ही मेरी उम्मीदवारी बिना किसी सूचना के समाप्त कर दी जायेगी ।

आवेदक का हस्ताक्षर

स्थानः– .....

दिनांकः–.....